# COLLEGE BULLETIN

SESSION 2023-2024

**GOVT. J. YOGANANDAM CHHATTISGARH COLLEGE, RAIPUR (C.G.)**





**BYRON BAZAR, RAIPUR, CHHATTISGARH – 492001**

**www.cgcollege.org** : 0771 2427126



EDITING & DESIGNING

JAYSHREE BISWAS & UJJAWAL DAWNA

M.A. IV SEMESTER (ANCIENT INDIAN HISTORY, CULTURE & ARCHAEOLOGY)










कला-उत्सव
06 FEBRUARY 2024
BIG GUY











# प्राचार्य की कलम से...



अपने गठन के पश्चात, छत्तीसगढ़ राज्य ने विकास की बहुआयामी गाथा लिखी है। विकास का शिक्षा से गहरा संबंध है और उच्च शिक्षा उसका बेहद महत्वपूर्ण पायदान है। यहां युवा पीढ़ी अपनी महत्वाकांक्षाओं की पर्वत–सी ऊंची उड़ान भरने के मधुर सपने बुनती है। हमारा महाविद्यालय अपने विद्यार्थियों को प्रत्येक दृष्टि से सक्षम बनाने के लिए कटिबद्ध है। यह अपनी सुव्यवस्थित, सुगठित और उत्कृष्ट अध्ययन–अध्यापन पद्धति के लिए तो सुविख्यात है ही, साथ ही निरंतर साक्षी बनता है विविध गतिविधियों का भी, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। हर्ष की बात है कि कॉलेज बुलेटिन का प्रस्तुत अंक विद्यार्थियों द्वारा तैयार किया गया है। बुलेटिन की रूपरेखा, संपादन और समस्त कार्य विद्यार्थियों द्वारा किया जाना निसंदेह प्रशंसनीय है।

–डॉ. अमिताभ बैनर्जी

प्राचार्य

# IQAC द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम

- विभिन्न नामी संस्थाओं के साथ 11 MOU पर हस्ताक्षर किए गए और संयुक्त गतिविधियों का आयोजन किया गया।
- महाविद्यालय परिसर में तीन संस्थाओं के साथ मिलकर कला उत्सव और टेक्नो फेस्ट का आयोजन किया गया।
- भारत सरकार की सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के सौजन्य से ग्राफिक डिजाइन, डिजिटल वीडियो- -ग्राफी एवं फोटोग्राफी, और वेब डिजाइनिंग पर पांच प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- जिला रोजगार कार्यालय के साथ मिलकर एक रोजगार मेला का आयोजन किया गया।
- A.I.H.C.&A. Department के द्वारा पुरा–वीथिका का निर्माण किया गया।








# C'garh team performs excellently in Pickleball Championship

■ Sports Reporter,
RAIPUR, Dec 1

MILI Chug from Chhattisgarh PickleBall Team, performed excellently and caught everyone's attention in the opening day match of 3rd National Pickleball Championship, hosted by Gujarat Pickleball Association, under the aegis of Indian Pickleball Association, in Ahmedabad, in Gujrat, form 1st to 3rd of December.

With her outstanding performance Mili Chug from Chhattisgarh, defeated her opponent Sunidhi Rathore from Rajasthan by 8-11, 11-2, and 11-7 in under 18 girls category and got the honor of being national champion.

Earlier Mili Chug defeated Nidhi Bajawat from Tamil Nadu with her exceptional performance by 15-4 in the semifinal. R C Meshram from 60 plus Men's category, Jayesh Ashfaliya from 50 plus Men's category, Shilpi Matreja from 35 plus Women's category and in open singles category Prem Prakash dhruw, Ajay Tandi and Ajay Nayak performed brilliantly in group league matches and qualified for knockout round. National Vice-president Gurcharan Singh Hora, President of Chhattisgarh Pickleball Association Kamaljeet Hora, General Secretary Rupendra Singh Chauhan congratulated players for success.




A team of Chhattisgarh Pickleball Association posing for photograph during 3rd National Pickleball Championship.

**TheHitavada**

Raipur City Line | 2023-12-04 | Page- 6
ehitavada.com

# Jayesh, Mili shine in Pickball Championship



Jayesh Ashfalia



Mili Chug

■ Sports Reporter
RAIPUR, Dec 3

JAYESH Ashfalia of Chhattisgarh bagged silver medal in 50 plus singles of 3rd National Pickleball Championship organised by Gujarat State Pickleball Association at Ahmedabad.

The three-day championship organised under the aegis of Indian Pickleball Association concluded on Sunday.

Earlier, Mili Chug brought laurels to the state by winning gold medal in the Under 18 Girls Singles finals.

Thus Chhattisgarh Pickleball team bagged one gold and one silver medal.

Meanwhiel, Jayesh Ashfalia representing Chhattisgarh performed

# SPORTS

# रूपेंद्र चौहान ने पूरी की एवरेस्ट बेस कैंप की ट्रैकिंग

**रायपुर@ पत्रिका.** राजधानी के रूपेंद्र सिंह चौहान ने एवरेस्ट बेस कैंप की सफलतापूर्वक ट्रैकिंग पूरी की। छत्तीसगढ़ कॉलेज के क्रीड़ा अधिकारी रूपेंद्र सिंह ने एडवेंचर नेशन संस्था के माध्यम से 23 मई को नेपाल के लुकला से ट्रैकिंग की यात्रा शुरू की और फाकडिंग, नामचे बाजार, टेंगबुचे (3860मीटर), डिंगबुचे (4410मीटर), लोबुचे (4910मीटर), गोरक्षेप (5164मीटर) की चढ़ाई पूरी करते हुए एवरेस्ट बेस कैम्प (5350) पर तिरंगा और छत्तीसगढ़ महतारी का बैनर लहराया। ट्रैकिंग की यात्रा पूरी कर रायपुर लौटने पर रूपेंद्र चौहान का भव्य स्वागत किया गया।



# पुनीत सागर अभियान

दिनांक 09/09/23 को महाविद्यालय की NCC की गर्ल्स बटालियन द्वारा तेलीबांधा तालाब के किनारे स्वच्छता जागरूकता रैली निकालकर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस अभियान में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

इस कार्यक्रम में छत्तीसबढ़ शासन के कई वरिष्ठ अधिकारी, विधायक ग्रुप कमाण्डर एवं महाविद्यालय के 45 कैडेट उपस्थित थे।







# वित्तीय साक्षरता एवं पर्यावरण पर व्याख्यान

दिनांक 05/12/2023 को वाणिज्य विभाग द्वारा "वित्तीय साक्षरता एवं पर्यावरण" विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें RBI के विशेषज्ञों ने "वित्तीय साक्षरता एवं पर्यावरण" विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्री मयूर मिलिन्द फुल्लकवार ने छात्रों को RBI की संरचना की विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती विशाखा जोडपे ने बैंकों की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अमिताभ बैनर्जी ने की। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विजय अग्रवाल के साथ विभाग के समस्त प्राध्यापक एवं सौ से अधिक छात्र–छात्रायें उपस्थित थे।

# संविधान दिवस

दिनांक 16/11/23 को संविधान दिवस के परिप्रेक्ष्य में एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉ. दिनेश मालवीय (विधी विभाग, शासकीय जे. योगानन्दम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय) थे। जिन्होने मौलिक कर्तव्य पर अपने विचारों द्वारा छात्रों को लाभान्वित किया। इसके साथ–साथ महाविद्यालय की NCC की गर्ल्स बटालियन द्वारा सुभाषचन्द्र बोस जयंती NCC Day परेड आदि कार्यक्रम आयोजित किये।



# अर्थशास्त्र विभाग की गतिविधियां


दिनांक 5/7/2023 को जीएसटी पर व्याख्यान जिसमें मुख्य वक्ता डॉ आर.एन.सिंह (प्राचार्य शासकीय सी. ए. टी. महाविद्यालय दुर्ग) थे।

दिनांक 4/9/2023 को स्वशासन दिवस पर स्नातकोत्तर के छात्रों ने स्नातक स्तर पर कक्षाएं ली।

Security and Exchange Board of India तथा National Institute of Securities Market द्वारा Financial Education and Financial Market विषय पर सर्टिफिकेट कोर्स का आयोजन किया गया। जिसमें अर्थशास्त्र विभाग के नौ छात्रों ने कोर्स पूरा किया, इसमें छह छात्रों ने सर्टिफिकेट आफ एक्सीलेंस प्राप्त किया।





# साहित्यिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय की साहित्यिक–सांस्कृतिक समितियों द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें पोस्टर, रंगोली, मेहंदी, नृत्य, गायन आदि विधाओं पर प्रतियोगिताएं संपन्न हुई । कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सुभद्रा राठौर एवं डॉ. अखिलेश तिवारी के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम संपन्न किया गया जिसमें छात्रों का उत्साह देखते ही बना।



# हिंदी दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में साहित्य परिषद के तत्वावधान में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें कविता पाठ, भाषण, परिचर्चा, रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिताएं प्रमुख रही जिसमें छात्रों ने बड़े उत्साह से भाग लिया ।

# महाविद्यालय में वॉल मैगजीन का संधारण

महाविद्यालय परिसर में वॉल मैगजीन की व्यवस्था है। इसमें छात्र–छात्राओं की रचनाएँ/ पोस्टर / स्लोगन / कविता / लघुकथा / कार्टून आदि प्रदर्शित किये जाते हैं। इसका संपादन एवं रख रखाव हिन्दी विभाग की साहित्यिक परिषद द्वारा किया जाता है।







# राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

शासकीय छतीसगढ़ महाविद्यालय एवं छतीसगढ़ भूगोल परिषद के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया । मुख्य अतिथि डॉ. केसरीलाल वर्मा ( कुलपति , रवि .वि. वि.) श्री कमल शर्मा (प.हरिशंकर गौर वि. वि. सागर ) एवं एच. एस. गुप्ता संरक्षक की गरिमामय उपस्थिति में नवीन परिकल्पनाओं से सुशोभित उपयोगी शोध पत्रों का वाचन किया गया

## SEMINAR ON "MILLETS: THE NUTRI- CEREALS"

माननीय मुख्यमंत्री जी ने 1मई मजदूर दिवस को श्रमिकों को सम्मान देने के लिए बोरे बासी खाने की अपील की, राज्यसरकार ने श्रमिक दिवस को बोरे बासी दिवस के रुप मनाने का निर्णय लिया अतः महाविद्यालय ने बोरे बासी दिवस तथा International year of Millet (IYM–2023) के उपलक्ष्य में 1–5–23 को सेमिनार तथा बोरे बासी खाने का आयोजन किया। विषय विशेषज्ञ थी शा.नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ.सुनीता पात्रा ने बोरे बासी तथा मोटे अनाज में उपलब्ध सभी खनिज तत्व व विटामिन को विस्तार से बताया इसके उपभोग के फायदे तथा व्यंजन बनाने की विधी भी बतलाई। समस्त महाविद्यालय परिवार ने विषय विशेषज्ञ के साथ बोरे बासी तथा मोटे अनाज से बने व्यंजन का आनंद लिया।



## राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक सम्मान




राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना दिवस के अवसर पर 24 सितंबर 2023 को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के कृषक सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय, रायपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के वरिष्ठ स्वयंसेवक मोहम्मद हसनैन रब्बानी को वर्ष 2022 के लिए राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक का सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवक हसनैन को ₹10,000 का चेक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. अमिताभ बनर्जी ने हर्ष व्यक्त करते हुए इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए स्वयंसेवक को बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि हमारे महाविद्यालय और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दोनों के लिए अत्यंत गौरव की बात है।

## नाटक में छात्रों ने जाना, सावित्रीबाई फुले का जीवन

शासकीय, जे योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर हिंदी विभाग एवं अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में, दिनांक 14.9.2023 को हिंदी दिवस के उपलक्ष में अंजोर कम्युनिकेशंस पुणे द्वारा, मैं सावित्रीबाई फुले नाटक का सजीव मंचन सफलतापूर्वक किया गया। नाटक कलाकार शुभांगी भुजबल एवं शिल्पा राणे द्वारा, ज्योतिबाई फुले, सावित्री फुले सहित कई पत्रों के चरित्र को एक साथ मंच पर जीवंत किया। संस्था प्रमुख डॉ. अमिताभ बैनर्जी ने नाटक पर प्रकाश डालते हुए, अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन एवं अंजोर कम्युनिकेशन के कलाकारों का स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन में डॉ मंजुला उपाध्याय कार्यक्रम का संचालन, डॉ. सुभद्रा राठौर एवं आभार प्रदर्शन, डॉ संध्या नलगुंडवार द्वारा किया गया। इस नाटक को देखने वाले दर्शकों में, दीर्घा में 500 से ज्यादा छात्र उपस्थित थे।





# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

दिनांक 10/10/23 को मनोविज्ञान विभाग द्वारा महाविद्यालय में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और समाज में भावनात्मक कल्याण की अंतर्दृष्टि प्रदान करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. अमिताभ बैनर्जी ने इस अनूठी पहल की सराहना की। कार्यक्रम में मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अनामिका मोदी के सा. थ–साथ विभाग की अन्य प्राध्यापकगण एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।



# राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक सम्मान

राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना दिवस के अवसर पर 24 सितंबर 2023 को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के कृषक सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय, रायपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के वरिष्ठ स्वयंसेवक मोहम्मद हसनैन रब्बानी को वर्ष 2022 के लिए राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक का सम्मान प्रदान किया गया।

# मानसिक स्वास्थ्य तथा कल्याण पर हुई संगोष्ठी

शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय, देवेन्द्र नगर साइकोलॉजिकल फोरम छत्तीसगढ़ एवं शासकीय जे. योगानन्दम् छत्तीसगढ़ महावद्यािलय, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में 2 दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति पंडित सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय डॉ. बी. जी. सिंह एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. आर. डी. हेलोडे उपस्थित थे।





# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें वृक्षारोपण, जिला स्तरीय युवा महोत्सव पोस्टर प्रतियोगिता, मतदाता महोत्सव, फिट इंडिया मिशन, हर घर तिरंगा रैली प्रमुख थे। कार्यक्रम अधिकारी श्री सुनील कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में छात्रों ने बढ़– चढ़कर हिस्सा लिया।






# महाविद्यालय ने गठित किया हैप्पीनेस सेल

महाविद्यालय की **IQAC** के द्वारा विद्यार्थियों के लिए हैप्पीनेस सेल का गठन किया गया है, जिसमें डॉ. पूर्णिमा मिश्रा संयोजक, डॉ. शिल्पी बोस, डॉ. अनिता जुनेजा, डॉ. अनामिका मोदी सदस्य हैं। यह समिति विद्यार्थियों की व्यक्तिगत, पारिवारिक, आर्थिक एवं मानसिक समस्याओं का निवारण करती है।

# ग्रंथालयः एक नजर

महाविद्यालय का ग्रंथालय पर्याप्त पुस्तकों, पत्र–पत्रिकाओं के साथ सुसज्जित है। इसमें 7600 से अधिक किताबें हैं। यहाँ 20 शोध पत्रिकाएं, समाचार पत्र, हिंदी और अंग्रेजी पत्र–पत्रिकाएं नियमित रूप से आती हैं। ग्रंथालय में **INFLIBNET**की **N-LIST Connectivity** है, जिसके अंतर्गत 6000 से अधिक जर्नल्स और ई–बुक्स ऑनलाइन उपलब्ध हैं। निकट भविष्य में ग्रंथालय के ऑटोमेशन की प्रक्रिया होने वाली है।





## जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में प्लेसमेंट कैंप जॉब फेयर ने पाई सफलता

जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर में आयोजित प्लेसमेंट कैंप जॉब फेयर ने करियर के नए द्वार खोले। 49 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से 11 को प्रतिष्ठित कंपनी टेक्नो टास्क ने नियुक्त किया। जिला रोजगार विभाग और महाविद्यालय के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में हुआ ये आयोजन छात्रों के लिए फायदेमंद साबित हुआ।

## राज्य स्तरीय मूटकोर्ट प्रतियोगिता

शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय और सौ. कुसुम ताई दाबके विधि महाविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित राज्य स्तरीय मूटकोर्ट प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रतियोगिता में प्रदेश भर के 12 विधि महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया।






## World Heart Day

प्राणीशास्त्र विभाग ने एक बहुआयामी कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा और साहित्य का समावेश था। विश्व हृदय दिवस, स्वास्थ्य दिवस और शिक्षक दिवस की संयुक्त भावना के तहत, छात्रों को सक्रिय जीवनशैली को प्रोत्साहित करने वाले उत्साहपूर्ण जुम्बा कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिला।

## Elevating Workplace Interactions

A Comprehensive Communication Skills Program for Non-Teaching Staff, in Partnership with the English Department and ISPELL






# विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस

महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग में विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर वर्षा ठाकुर(शासकीय विज्ञान महाविद्यालय रायपुर) उपस्थित थी।



# यम - नचिकेता संवाद का मंचन

शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास, सांस्कृतिक और पुरातत्त्व विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों को महंत घासीदास संग्रहालय का भ्रमण एवं रामायण और महाभारत पर आधारित चित्रकला, तत्कालीन भाषण, निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता एवं यम नचिकेता संवाद मंचन तथा पुरा-वीथिका का निर्माण प्रमुख रहा ।

# पराक्रम दिवसः

## सुभाष जयंती समारोह का उत्साह




इतिहास विभाग ने सुभाष जयंती के शुभ अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के वीरतापूर्ण जीवन और अद्वितीय योगदान को याद किया। कार्यक्रम में छात्रों ने नेताजी के जीवन और देशभक्ति पर आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं, कार्यक्रम का संचालन डॉ. वी. डी. साहसी ने बड़ी कुशलता से किया।

# VALUE ADDED CERTIFICATE COURSE

A 30-hour course on Renewable Energy and Environmental Protection was offered by IQAC, Dept. of Public Administration, Alumni Council, and CREDA. covering project management, Chhattisgarh's renewable potential, and sustainable building design, the course equipped students with knowledge for a greener future.



# NCC की गतिविधियां


एनसीसी कैडेट्स ने पूरे साल भर सक्रिय भूमिका निभाई। विश्व योग दिवस पर उन्होंने योग कार्यक्रम आयोजित किया। इसके अलावा, उनकी निशानेबाजी कौशल को निखारने के लिए फायरिंग अभ्यास कराया गया। पर्यावरण संरक्षण के लिए उन्होंने वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान चलाए। साथ ही, पुनीत सागर अभियान में भी भाग लिया। कैडेट्स ने रक्तदान शिविर भी लगाए और कारगिल दिवस, एनसीसी दिवस, भारतीय नौसेना दिवस और स्वशासन दिवस जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों को भी मनाया।



# Communication Technology used in Skill Development

दिनांक 15/5/2023 को महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग में 'Communication Technology used in Skill Development' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉक्टर विनोद पटेल उपस्थित थे, कार्यक्रम का संचालन वैशाली सरडे एवं आभार प्रदर्शन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉक्टर स्वाति जैन ने किया इस कार्यशाला में 39 छात्र छात्राएं लाभान्वित हुए।

# समाजशास्त्र विभाग की गतिविधियां




समाजशास्त्र विभाग ने केंद्रीय कारागार रायपुर और उच्च न्यायालय बिलासपुर का शैक्षणिक भ्रमण करवाया। महाविद्यालयों के प्राध्यापकों द्वारा केन्द्रीय कारागार रायपुर के बंदियों को परीक्षा सम्बंधी मार्गदर्शन एवं अध्यापन कार्य किया गया और कृषि निरोधक दवाइयों का वितरण किया (समाजशास्त्र विभाग और स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर) साथ ही एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

# प्रशिक्षण एवं व्याख्यान का आयोजन

महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग द्वारा गैर शैक्षणिक कर्मचारियों हेतु, 'कार्य स्थल में संप्रेषण कौशल' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉक्टर जी. ए. घनश्याम द्वारा व्याख्यान दिया गया। कार्य स्थल पर कर्मचारियों के आचरण एवं संप्रेषण कौशल के निर्माण के मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई।







## WORLD OZONE LAYER DAY

On World Ozone Day (September 16, 2023), Government Chhattisgarh College Raipur's Physics Dept. hosted a program led by Principal Dr. Amitabh Banerjee. Talks by faculty and student presentations raised awareness about Ozone layer protection. A quiz crowned Devnarayan (M.Sc.) the winner.

## गणित दिवस का आयोजन

गणित विभाग द्वारा दो दिवसीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। गणित दिवस का उद्घाटन डॉक्टर आर.पी. पाठक द्वारा किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम में गणितीय प्रश्नोत्तरी, पोस्टर, भाषण तथा निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई।







## प्रश्न मंच का आयोजन

इतिहास विभाग एवं कला समिति के संयुक्त तत्वावधान में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में प्रश्न मंच का आयोजन किया गया, जिसमें गांधी के संपूर्ण जीवन से जुड़े प्रश्न पूछे गए इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया । इस अवसर पर इतिहास विभाग एवं कला समिति के सभी प्राध्यापक उपस्थित थे ।

## वनस्पति विभाग



वनस्पति विभाग ने छात्रों को शामिल करते हुए कई गतिविधियां चलाईं। स्नातकोत्तर छात्रों ने कॉलेज परिसर को छत्तीसगढ़ी कला से सजाया और ग्रीन कम्पोस्ट एवं वर्मी कम्पोस्ट पिट का निर्माण करना सीखा। विभाग ने औषधीय पौधे लगाए, ग्रीन ऑडिट कराया और जैव प्रौद्योगिकी विभाग का दौरा किया।



GOVT. J. YOGANANDAM CHHATTISGARH COLLEGE, RAIPUR, (C.G.)

# ACHIEVERS





## Ms. Kanchan Aadil

Represented Pt. Ravishankar Shukla University and secured 1st position in Rangoli (Fine Arts) at the 36th Inter University National Youth Festival 2022 - 2023.






## Ms. Millee Chug

Won 1st Gold Medal for Chhattisgarh in Under 18 Girl's Singles at the 3rd Pickleball National in Ahmedabad and Bronze Medal in World Pickleball Championship.





## Ms. Jasmine Kaur Taak

Selected for the Republic Day Parade Camp 2024, in New Delhi, which will focus on ''Naari-Shakti ''.






## Ms. Kiran Pisda

Excelled by representing India in the SAFF Championship. She recently signed with Croatia's top club, ZNK Dinamo Zagreb.






## Cadet Dhanraj Nirmalkar

Felicitated by Commanding Officer of Indian Naval Ship INS Airavat.





## Ms. Jayshree Biswas

Represented Govt. J. Yoganandam Chhattisgarh College and secured 1 st position in On- the- spot- painting ( Fine Arts ) at the 36 th Inter-College Youth Festival 2022- 2023.

GOVT. J. YOGANANDAM CHHATTISGARH COLLEGE, RAIPUR, (C.G.)

# ACHIEVERS



**Mr. Narendra**

With a Master's degree in Economics, he has been selected for the position of Constable.



**Mr. Dhananjay Yadav**

From Department of Economics has assumed the role of Probationary Officer.



**Ms. Megha Sahu**

Holding a Master's degree in Public Administration, securing the 43rd position in State Civil Services Examination of 2023, and has been selected for the position of Deputy Tehsildar.




**Mr. Vijay Kumar Maheshwari**

Holding a Master's degree in Philosophy, secured the gold medal at the Khelo India University Games 2023-24 held in Itanagar, Arunachal Pradesh.



**Ms. Roshani Bhatt**

Specializing in Anthropology, cleared NET in Anthropology.



**Mr. Nitin Sahu**

Passed B.Sc. in 2020 and M.Sc. in 2022. In 2023, Nitin cleared CSIR UGC NET exam, and in 2024, GATE exam.














**BYRON BAZAR, RAIPUR, CHHATTISGARH – 492001**
**www.cgcollege.org** **: 0771 2427126**